## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण हेतु विशेष जागरूकता कार्यक्रम-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 22.10.2025 को जनपद महोबा के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये।

इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को महिला संबंधित समस्याओं/अपराधों के निस्तारण के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान की गई, जिनमें शामिल हैं:

वूमेन पॉवर लाइन – 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा – 112

एम्बुलेंस सेवा – 108, चाइल्ड लाइन – 1098, स्वास्थ्य सेवा – 102

महिला हेल्पलाइन – 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन – 1076, साइबर हेल्पलाइन – 1930

कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और अन्य कानूनी प्रावधानों के बारे में समझाया गया। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट वितरित किए गए।

इस अवसर पर थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों की भूमिका और उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। मिशन शक्ति केन्द्रों का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षा, मार्गदर्शन और सशक्तिकरण में सहयोग प्रदान करना है।

यह कार्यक्रम मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।









## थाना अजनर की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक-22.10.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर श्री सत्यपाल सिंह द्वारा गठित व0उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह मय उ0नि0 राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त मुकेश राजपूत पुत्र शिवचरन उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम टिकरिया थाना अजनर जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुये ग्राम टिकरिया के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 254/2025 धारा 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. व0उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह
2. उ0नि0 राजेश कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त -

मुकेश राजपूत पुत्र शिवचरन उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम टिकरिया थाना अजनर जनपद महोबा

### बरामदगी-

अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद।



## थाना कुलपहाड़ की संयुक्त पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 10 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु जनपद में संचालित अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 21.10.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री राधेश्याम वर्मा द्वारा संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया।

उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल के नेतृत्व में गठित प्रथम पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान कस्बा जैतपुर के पास रुपये पैसो से हार-जीत की बाजी लगाकर ताश पत्तो से जुआ खेल रहे 05 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.चन्द्रशेखर कुशवाहा पुत्र मूलचन्द्र कुशवाहा उम्र करीब 34 वर्ष 2.यसिर अंसारी पुत्र मोहम्मद शमी उम्र करीब 22 वर्ष 3.वकारउद्दीन पुत्र समीउद्दीन खान उम्र करीब 29 वर्ष 4.हरिश्चन्द्र कुशवाहा पुत्र सूरजभान उम्र करीब 48 वर्ष 5.रमेशचन्द्र कुशवाहा पुत्र कामता प्रसाद उम्र करीब 45 वर्ष निवासीगण मु0 जमींदारी ग्राम जैतपुर थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को पुलिस हिरासत में लिया गया। जिनके कब्जे से जामातलाशी ₹ 700, मालफड़ ₹ 09 हजार व 52 अदद ताशपत्ता बरामद हुए। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर अभि0गण उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 296/2025 धारा 13 जी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही सम्पादित की गई।

इसी क्रम में उ0नि0 श्रीकृष्ण वैश्य के नेतृत्व में गठित द्वितीय पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थान कस्बा जैतपुर के पास रुपये पैसो से हार-जीत की बाजी लगाकर ताश पत्तो से जुआ खेल रहे 05 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.सुरेश नामदेव पुत्र स्व0 हरसहाय उम्र 53 वर्ष निवासी मु0 टौरियापुरा कस्बा व थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा 2.महेश नामदेव पुत्र स्व0 चुन्नालाल उम्र 30 वर्ष निवासी मु0 किशोरगंज कस्बा व थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा 3.नरेश नामदेव पुत्र स्व0 हरसहाय उम्र 53 वर्ष निवासी मु0 टौरियापुरा कस्बा व थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा 4.भुवनेश जाटव पुत्र दयाराम उम्र 28 वर्ष निवासी मु0 कठवरिया कस्बा व थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा 5.ब्रजेन्द्र पुत्र शिवराम उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम अण्डवारा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को पुलिस हिरासत में लिया गया। जिनके कब्जे से जामातलाशी 1160 रुपये, मालफड़ 2500 रुपये व 52 अदद ताशपत्ता बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 297/2025 धारा 13 जी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम –

**प्रथम पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल
2. हे0कां0 शिव प्रताप 3. कां0 कुलदीप सिंह 4. कां0 कौशल प्रताप

**द्वितीय पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्रीकृष्ण वैश्य
2. उ0नि0 विकास तिवारी 3. कां0 अजय कुमार 4. कां0 विक्की चौधरी



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 22.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

## थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने अवैध देशी शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांकः- 21.10.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित उ0नि0 योगेश रावत मय हमराह कां0 हवन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त चन्द्रजीत सिंह राजपूत पुत्र कमलापत राजपूत उम्र 50 वर्ष मुहल्ला दीवान साहब ग्राम मुढारी थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा जिसके कब्जे से 25 अदद क्वार्टर देशी अबैध शराब झूम ब्राण्ड नाजायज बरामद करते हुये नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 295/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त –

चन्द्रजीत सिंह राजपूत पुत्र कमलापत राजपूत उम्र 50 वर्ष मुहल्ला दीवान साहब ग्राम मुढारी थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 योगेश रावत
2. कां0 हवन कुमार



## थाना अजनर की पुलिस टीम ने अवैध देशी शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांकः- 21.10.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर श्री सत्यपाल सिंह द्वारा गठित उ0नि0 दिनेश सिंह चन्देल मय हमराह कां0 उमेशचन्द्र व कां0 आशीष सरोज के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त मुकेश अहिरवार पुत्र लखन अहिरवार उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम धवर्रा थाना अजनर जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 झोले में 18 अदद क्वार्टर झूम देशी शराब नाजायज बरामद करते हुये ग्राम धवर्रा थाना अजनर जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 252/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार करने वाली टीम-

1.उ0नि0 दिनेश सिंह चन्देल
2.कां0 उमेशचन्द्र
3.कां0 आशीष सरोज

### गिरफ्तार अभियुक्त -

मुकेश अहिरवार पुत्र लखन अहिरवार उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम धवर्रा थाना अजनर जनपद महोबा



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 22.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## कबरई पुलिस को मिली बड़ी सफलता

### दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, ₹2.27 लाख नकदी व अवैध तमंचा बरामद

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में कबरई पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

थानाध्यक्ष कबरई श्री सत्येन्द्र सिंह भदौरिया के दिशा-निर्देशन में गठित पुलिस टीम के उ0नि0 गौरव चौबे, उ0नि0 अभिनव सिंह व हे0का0 संदीप कुमार द्वारा आज दिनांक 22.10.2025 को थाना क्षेत्र के वर्मा तालाब के पास, कस्बा कबरई से थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 299/25 धारा 305(b)/317(2) बीएनएस व 3/25 ए एक्ट से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

### गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम-

1.अजय परिहार पुत्र शिवगोपाल, निवासी झलकारीबाई नगर, कबरई (मूल निवासी ग्राम भुरैनी पुरवा, थाना बबेरू, जनपद बांदा)

2.अशोक केवट उर्फ परदेशी पुत्र स्व0 दुर्गा, निवासी झलकारीबाई नगर, कबरई (मूल निवासी ग्राम पडेही लालपुर, थाना साड़, जनपद कानपुर नगर)

### बरामदगी –

अभियुक्तों के कब्जे से कुल ₹2,27,000/- (दो लाख सत्ताईस हजार रुपये) नकद, एक अदद तमंचा 315 बोर तथा एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 गौरव चौबे
2.उ0नि0 अभिनव सिंह
3.हे0का0 संदीप कुमार

